**जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली की अध्यक्षता में दिनांक 22.05.2025 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त :-**

बैठक में निम्नानुसार अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित हुए :-

1 श्री विनय कुमार तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी, शामली।
2 श्री फूल सिंह यादव, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।
3 श्री प्रमोद कुमार, जिला कृषि अधिकारी, शामली।
4 श्री मनोज कुमार पाल, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।
5 श्री दीपेन्द्र जयसवाल, सहायक अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, शामली।
6 श्री संजय पटेल, पी0एम0 मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0 एस0पी0एल0 जे0वी0, मुम्बई।
7 श्री निखिल पाण्डे, पी0एम0, मै0 गायत्री-रामकी जे0वी0, हैदराबाद।
8 श्री अभिषेक कुमार, डी0पी0एम0 व श्री शिवदत्त/श्री अखिलेश, क्यू0ए0क्यू0सी0, टी0पी0आई0, शामली।
9 श्री संजय कुमार/डी0सी0 एवं पवन प्रकाश, आई0एस0ए0 कॉडिनेटर, डी0पी0एम0यू0, शामली।

**1- नई पेयजल योजनाऐं :-**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फर्म मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0 जे0वी0, मुम्बई द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा 169 नग योजनाऐं स्वीकृत है जिसके सापेक्ष 168 पेयजल योजनाओं पर ट्यूबवैल के कार्य पूर्ण किया जा चुका है शेष एक पेयजल योजना उस्मानपुर पर भूमि विवाद के चलते पेयजल योजना के कार्य प्रारम्भ नहीं किये गये है। 172 नग के सापेक्ष 111 नग पम्प हाउस पर कार्य पूर्ण हो गया है, 46 नग पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर है, 15 नग पम्प हाउस पर कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ। 169 नग के सापेक्ष 166 पेयजल योजना में पाईप लाईन का कार्य प्रारम्भ हो गया है। खन्द्रावली, उस्मानपुर, जसाला पे0यो0 पर कार्य पाइप लाइन कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। वर्तमान तक जनपद में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी 712 कि0मी0 रोड पुर्नस्थापन के सापेक्ष 648 कि0मी0 रोड (91 प्रतिशत) रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसके अन्तर्गत 88 राजस्व ग्रामों में सी0सी0 रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 172 नग के सापेक्ष 166 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ हो गया है जिसमें से 10 उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण तथा 6 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ। 169 नग पे0यो0 के सापेक्ष 76 नग पे0यो0 (90 राजस्व ग्राम) पर नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है। 17 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 15 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है। (गुराना एवं मवी तिमाली अहतमाल पे0यो0 विद्युत कनेक्शन शेष है।)

जिलाधिकारी महोदय, शामली द्वारा फर्म को निम्नानुसार निर्देश दिये गये :-

1- **उच्च जलाशय :-** जिलाधिकारी महोदय शामली द्वारा 90 प्रतिशत से कम प्रगति की उच्च जलाशयों पर तीव्र गति से कार्य करते हुए 30 जून तक अधिकतर पेयजल योजनाओं को उच्च जलाशय के माध्यम से पानी की सप्लाई प्रदान करने के सख्त निर्देश दिये गये। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह भी बताया गया कि जनपद में 94 नग उच्च जलाशयों पर निर्माण कार्य बन्द है। जिलाधिकारी महोदय, शामली द्वारा उच्च जलाशय की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा इन्हे शीघ्र पर्याप्त मैनपॉवर लगाकर गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

2- **मिटटी भराई :-** अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान तक 46 पेयजल योजनाओं के उच्च जलाशय के पिलिन्थ में मिटटी भराई न होने के कारण उच्च जलाशय के फर्श रुका हुआ है जिस कारण से 46 पेयजल योजनाओं के उच्च जलाशय को शत-प्रतिशत पूर्ण करने में कठिनाई आ रही है। जिलाधिकारी महोदय शामली द्वारा मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली को सभी पेयजल योजनाओं पर मनरेगा के माध्यम से मिटटी भराई का कार्य तीव्र गति से करने के लिए आदेशित किया गया।

3– सी0सी0 रोड :– अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान तक 88 ग्रामों में सी0सी0 रोड पुर्नस्थापन का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। शेष पर कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय शामली द्वारा निर्देशित किया गया कि दिनांक 31.05.2025 तक शेष सी0सी0 रोड पुर्नस्थापन का कार्य युद्व स्तर पर पूर्ण कर लिया जाये।

4– नियमित जलापूर्ति :– धोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान तक 90 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति दी जा रही है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए नियमित जलापूर्ति की प्रगति को तीव्र गति से बढाना सुनिश्चित करें जिन पेयजल योजनाओं पर पाइप लाइन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन योजनाओं पर डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से जलापूर्ति देना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि जिन पेयजल योजनाओं पर पाइप लाइन का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है उन पर सभी पेयजल योजनाओं पर पाइप लाइन का कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त तोडी गयी रोड का अस्थाई पुर्नस्थापन साथ के साथ करें ताकि ग्रामीणों को आवागमन में कोई परेशानी न हो।

<u>2– पुनर्गठन पेयजल योजनाऐं :–</u>

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया है कि फर्म मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा 13 नग योजनाऐं स्वीकृत है। 13 नग पेयजल योजनाओं में 21 नग ट्यूबवैल व 21 नग पम्प हाउस निर्माण के सापेक्ष 21 नग ट्यूबवैल व 21 नग पम्प हाउस निर्माण के कार्य पूर्ण किये जा चुके है। 13 नग पे0यो0 के सापेक्ष 13 नग पे0यो0 में पाईप लाईन का कार्य प्रारम्भ हो गया है। कण्डेला जोन–2 पे0यो0 के अन्तर्गत ग्राम जगनपुर में ग्रामवासियों द्वारा अतिरिक्त उच्च जलाशय की मांग के चलते पाइप लाइन डालने में विरोध किया जा रहा है जिस कारण वहॉ पर वितरण प्रणाली सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। वर्तमान तक 11 पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत 13 राजस्व ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सी0सी0 रोड के पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 215 कि0मी0 काटी गयी रोड के सापेक्ष 207 कि0मी0 (96 प्रतिशत) रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 13 नग पे0यो0 के सापेक्ष 10 नग पे0यो0 (12 राजस्व ग्राम) में नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। 04 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 02 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है।

जिलाधिकारी महोदय, शामली द्वारा फर्म को निम्नानुसार निर्देश दिये गये :–

फर्म के पी0एम0 श्री निखिल पाण्डे द्वारा अवगत कराया गया है कि लॉक एवं कण्डेला जोन–1, पेयजल योजना पर विद्युत कनेक्शन प्राप्त नहीं हुआ है। जिस कारण से नियमित जलापूर्ति सम्भव नहीं हो पा रही है। साथ ही कण्डेला जोन–2 पे0यो0 के अन्तर्गत ग्राम जगनपुर में ग्राम प्रधान व ग्रामवासियों द्वारा पाइप लाइन बिछाने में विरोध किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि उक्त दोनो पेयजल योजनाओं पर विद्युत कनेक्शन प्राप्त कर नियमित जलापूर्ति प्रदान करना सुनिश्चित करें साथ ही पुनः जगनपुर ग्राम में पाइप लाइन का कार्य प्रारम्भ करें यदि किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होती है तो इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

उक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा पूर्व में अपने पत्रांक– 1431/किसान दिवस/शिकायत निस्तारण/2024–25 दिनांक 25.02.2025 द्वारा गठित समिति की जॉच रिपोर्ट की समीक्षा की गयी। जिनके अनुपालन में अधोहस्ताक्षरी अवगत कराया गया कि भैंसवाल एवं लॉक पेयजल योजना में जो शिकायतें प्राप्त हुई है उनके निस्तारण का कार्य प्रगति पर है। एक सप्ताह के अन्दर दोनो योजनाओं की शिकायतों का निस्तारण करा दिया जायेगा। साथ ही अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के मरम्मत एवं रख–रखाव के लिए लखनऊ स्तर से मै0 जी0ए0 इन्फ्रा प्रा0लि0, केशव नगर, हवा सड़क, जयपुर चयनित किया गया है। शीघ्र ही कुडाना, पिण्डौरा जहॉगीरपुर एवं गढी अब्दुल्ला खॉ में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण कर दिया जायेगा।

(फूल सिंह यादव)
अधिशासी अभियन्ता/
सचिव डी0डब्लू0एस0एम0
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

पत्रांक– 733 / 108 / 32 दिनांक : 27-05-2025

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1– मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षेत्र) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।

2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।

3– जिलाधिकारी / अध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

4– मुख्य विकास अधिकारी / उपाध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

5– पी0एम0, मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0, मुम्बई।

6– पी0एम0, मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद।

7– डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 / डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, शामली।

8– समस्त सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर, खण्ड अन्तर्गत।

अधिशासी अभियन्ता /
सचिव डी0डब्लू0एस0एम0
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली